**डॉ. मनोज मिश्र**
विभागाध्यक्ष
**Dr. Manoj Mishra**
Head

जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग
Department of Mass Communication & Journalism
वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय
Veer Bahadur Singh Purvanchal University
जौनपुर/Jaunpur - 222 003, U.P. INDIA
E-mail : manjulmanoj1@gmail.com
Mob : +91 - 9415273104

सेवामें,

**प्राचार्य**

सम्बद्ध महाविद्यालय,

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,जौनपुर

**विषय - अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस मनाये जाने के सन्दर्भ में**

**प्रिय महोदय,**

कृपया विश्वविद्यालय के कुलसचिव जी के संलग्न पत्र का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

सादर अवगत कराना है कि माननीय राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्रांक संख्या-ई-5169/32-जी०एस०/2023 दिनांक-05 सितम्बर 2023 के क्रम में दिनांक-02 अक्टूबर,2023 को गांधी जयंती के अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस मनाने हेतु गॉधी रिसर्च फाउण्डेशन, जलगॉव द्वारा की गई अपेक्षाओं के अनुरूप अपने महाविद्यालय /संस्थान में कार्यक्रम आयोजित करना है। अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस मनाये जाने हेतु गॉधी रिसर्च फाउण्डेशन, जलगॉव का पत्र साथ में संलग्न है, जिसमे 29 सितम्बर से लेकर 04 अक्तूबर 2023 तक प्रत्येक दिवस इस सन्दर्भ में कार्यकमों को आयोजित किए जाने सम्बन्धी विस्तृत विवरण समाहित है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित हो रहे कार्यक्रमों का विवरण भी साथ में संलग्न है।अपने महाविद्यालय/संस्थान में कार्यक्रम आयोजित किए जाने हेतु इसका सन्दर्भ का कष्ट करें। महाविद्यालय/संस्थान में आयोजित किए गए कार्यक्रमों की सचित्र रिपोर्ट 04 अक्तूबर 2023 की शाम तक **vbspurvanchaluniversity87@gmail.com** मेल पर अपेक्षित है।

अतः उक्त परिप्रेक्ष्य में अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित।

सहयोग का आकांक्षी

आदर सहित,

22.9.2023

**डॉ.(मनोज मिश्र)**

नोडल अधिकारी

अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस

प्रतिलिपि प्रेषित -

1-कुलसचिव, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,जौनपुर

2-निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी को सूचनार्थ

3-वेबमास्टर, वेबसाईट पर अपलोड हेतु

4-फ़ाइल

**राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश,**
**लखनऊ–226027**
**संख्या ई–5169/32–जी0एस0/2023–XXVI**
**दिनांकः 05 सितम्बर–2023**

**प्रेषक,**

**श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,**
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

**सेवा में,**

**कुलपति/निदेशक,**
**समस्त राज्य विश्वविद्यालय/संस्थान,**
उत्तर प्रदेश।

**विषय** : 02 अक्टूबर–2023 को गॉधी जयंती के अवसर पर International Day of Nonviolence मनाये जाने विषयक।

**महोदय/महोदया,**

कृपया उपर्युक्त विषयक डॉ0 अनिल काकोडकर, अध्यक्ष गॉधी रिसर्च फाउण्डेशन, जलगॉव के द्वारा इस सचिवालय को प्रेषित संलग्न पत्र दिनांक 31.07.2023 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जो आगामी 02, अक्टूबर–2023 को गॉधी जयंती के अवसर पर International Day of Nonviolence मनाये जाने विषयक है।

इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि दिनांक 02, अक्टूबर–2023 को गॉधी जयंती के अवसर पर "**अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस**" मनाने हेतु गॉधी रिसर्च फाउण्डेशन, जलगॉव द्वारा की गई अपेक्षाओं के अनुरूप अपने विश्वविद्यालय/संस्थान एवं सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित कराने का कष्ट करें।

**भवदीय,**
**ह0/–**
**(डॉ0 पंकज एल0 जानी)**
**कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी**

संलग्नक–यथोपरि।

**Fax.: (05452) 252244, 252344**
**Web.: www.vbspu.ac.in**

# वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

**पृष्ठांकन : – पत्रांकः पू.वि.वि./सम्बद्धता/2023/** 5207 **दिनांक :** 18-09-23
**निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –**

1. डॉ0 अनिल काकोडकर, अध्यक्ष, गॉधी रिसर्च फाउण्डेशन, जलगॉव को उनकी ई मेलः Info@gandhifoundation.net पर सूचनार्थ प्रेषित।
2. प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या/समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त निर्देश के अनुक्रम में कार्यवाही सुनिश्चित करायें।
3. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
4. **वेबमास्टर, को इस आशय से प्रेषित** कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

कुलसचिव 18/9/23

**Appeal to Commemorate**

# International Day of Nonviolence

The United Nations General Assembly declared 2nd October as the 'International Day of Nonviolence' in 2007. This day is dedicated to preserve and promote the culture of nonviolence, mutual appreciation among communities and to safeguard fundamental rights, namely freedom, justice and equal opportunities. Its aim is also to strengthen the spirit of democracy and secularism as well as to cultivate among individuals an aptitude for inclusive living and respect for diversity, by means of social education and communal harmony.

In our era, when the world is suffering under widespread political terror, when egocentrism is glorified as virtue, when ecological calamity (induced by modernity) threatens us with extinction, when violence is deemed as infotainment, it is imperative, as a counter force, for us to rededicate ourselves towards the promotion of a harmonious lifestyle, exemplifying oneness, sharing and mutuality. The International Day of Nonviolence offers an occasion for this rededication.

**Suggested Programmes for the Week of Nonviolence**

You may declare the week (Sep. 29 – Oct. 04) as the Week of Nonviolence and organize a range of programmes each day. These programmes can also be conducted in an online mode. The programmes may focus on a whole spectrum of themes such as communal harmony, unity in diversity, inclusivism, social justice, youth empowerment, rural development, environmental sustainability, human rights and individual responsibility. These themes may be elaborated upon in the form of essay writing, poetry recitation, speeches, debates, quizzes, artistic/dramatic expressions, public exhibitions, demonstrations, documentary screening, etc.

| | | | |
|---|---|---|---|
| Day 1 | Sept 29, 2023 | : | Essay Writing, Speech Making and Slogan Writing |
| Day 2 | Sept 30, 2023 | : | Quiz, Drawing Competition, Poems and Peace Songs; Exam, Q & A sessions about Peace, Nonviolence, and on nonviolent leaders like Mahatma Gandhi, Nelson Mandela, Martin Luther King Jr.; Presentations for the media; publishing articles and peace messages on social media. |
| Day 3 | Oct 01, 2023 | : | Drama, Street Play and Musical Concert |
| Day 4 | Oct 02, 2023 | : | Peace March & Gathering at the City Centre, Peace Demonstration with Placards, Banners, Public Meeting; Exhibition of Posters and Peace Pledge; Display of the outcome of Day 1-3; Power Point Presentation/Video Presentation. |
| Day 5 | Oct 04, 2023 | : | Swadeshi Day/Organic Day, Khadi Day; sale of literature on Nonviolence, Swadeshi, Mahatma Gandhi and other world leaders; Screening Films like Attenborough's 'Gandhi', Al Gore's 'Inconvenient Truth'; |

In support of this nationwide initiative, you may also commit yourself to one or more of the following crucial projects:

1. Adopt a village and help the villagers achieve comprehensive transformation;
2. Organize an all-inclusive sanitation programme in a locality;
3. Organize de-addiction campaigns among the youth;
4. Initiate watershed management, particularly rainwater harvesting in villages;
5. Organize value education in rural schools.

**Note**: *For further details or programme clarification you may contact GANDHI RESEARCH FOUNDATION or MUMBAI SARVODAYA MANDAL; for resource materials you may visit the web sites http://www.gandhifoundation.net/; or http://www.mkgandhi.org/gposter/gposter.htm*

The above is merely a suggestion for a possible programme schedule. Please feel free to choose the themes that suit your preferences so that this week may be transformed into a real celebration for society.

We should also like to encourage you to write a short report of the programmes organized by you, and send this report (in printed or digital form) to the Gandhi Research Foundation (address given below), so that it may be published in our monthly bilingual magazine (Hindi & English) 'Khoj Gandhiji Ki' which has a very wide circulation.

You may also administer to the youth the 'Pledge of Nonviolence'.

**Pledge for Nonviolence and Peace:**

- On this 'International Day of Nonviolence', we join the people of the world, to take this solemn Pledge that:
- We shall uphold peace in the world, between individuals and communities;
- We shall uphold a harmonious life with nature;
- We shall uphold truth and justice without fear or prejudice;
- We shall practise mutual love and nonviolence in our personal and social life;
- We shall respect all human beings equally regardless of race, creed, country, religion, language or gender;
- We shall work for the elimination of all instruments and weapons of violence;
- We shall not support or resort to violence and intolerance under any circumstances;
- We shall endeavour to resolve all differences through dialogue and constitutional means; And,
- We shall endeavour with all our might for creating a world of peace and harmony, justice and equality, love and oneness.

## CONTACT


**GANDHI RESEARCH FOUNDATION**

'Gandhi Teerth', Jain Hills, Shirsoli Road, Post Box No. 118, Jalgaon - 425 001
**Tel:** 0257-2264803, 2260033, **Fax No.:** 0257-2261133;
**Mobile No.:** 09404955272; 09422776708;
**E-mail:** info@gandhifoundation.net; **Website:** www.gandhifoundation.net

# विद्यालयों / महाविद्यालयों / गाँधी अध्ययन केन्द्रों के लिए कार्यक्रम सुझाव

प्रस्तावना - हम सभी जानते हैं कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने सन् २००७ से गाँधी जयंती (२ अक्तूबर) को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की है। अहिंसा दिवस का अर्थ है अहिंसा के प्रति लोगों में जागरुकता, सहिष्णुता, सभी मानवीय अधिकारों के प्रति सम्मान तथा सब के लिए मौलिक स्वतंत्रता, प्रजातंत्र, विकास, आपसी सद्भाव और शिक्षा तथा जनचेतना के माध्यम से अनेकता के प्रति सम्मान प्रकट करना। वस्तुतः शांति के इस दूत के प्रति यह एक वास्तविक श्रद्धांजलि है।

आज से पहले विश्व के भविष्य के प्रति किसी को इतनी चिन्ता नहीं थी जितनी आज के इस हिंसा प्रधान युग में है। आज के युवा वर्ग में टीवी, फिल्म, मोबाइल फोन और वीडिओ गेम के माध्यम से संघर्ष, स्वार्थपरता और घृणा, हिंसा जैसी नकारात्मक भावनाएं पैदा की जा रही हैं। आज के समाचार पत्रों में बच्चों में बढ़ती हिंसक प्रवृत्ति को प्रमुखता से देखा जा सकता है। ऐसे परिवेश में नैतिकता तथा शांति पूर्ण द्वन्द्व निवारण हेतु मूल्यात्मक शिक्षा अधिक आवश्यक हो गयी है।

गाँधीजी विश्व के अनेक अग्रणी व्यक्तियों जैसे - मार्टिन लूथर किंग, नेल्सन मंडेला तथा साधारण स्त्री-पुरुषों के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहे हैं जिन्होंने गाँधीजी के जीवन और विचारों को अपने नैतिक अभ्युत्थान में सहायक माना।

कार्यक्रम का केन्द्रीय विषय:

**'अहिंसा से मानवता तक'**

विद्यालय/महाविद्यालय २ अक्तूबर, गाँधी जयंती के इस पुनीत अवसर पर कृपया एक सप्ताह के लिये अहिंसा और शान्ति विचार पर निम्न कार्यक्रम आयोजित कर सदी के इस महामानव को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करें

इस सप्ताह में ऐसे कार्यक्रमों को आयोजित करना उपयोगी होगा जिनसे नवयुवकों में अपने समाज को स्वस्थ और सुरक्षित रखने हेतु प्रेरणा प्राप्त हो सके। सप्ताह का प्रत्येक दिन एक अहिंसक प्रणाली का प्रतिनिधित्व करेगा। इससे लोगों में एक-दूसरे का सम्मान करने, सहिष्णुता विकसित करने, अक्रोध तथा शान्तिपूर्ण ढंग से संघर्षों के समाधान का रास्ता निकलेगा।

शहर के अधिक से अधिक विद्यालयों के बच्चे, एन.सी.सी. कैडेट्स किसी मैदान अथवा स्टेडियम में एकत्रित हो सकते हैं। वहाँ एक घंटे का कार्यक्रम किया जा सकता है जो गाँधीजी के भजनों और शांति-गीता से प्रारम्भ होगा तथा जिसमें शहर के कुछ प्रमुख व्यक्तियों का सम्बोधन होगा।

आयोजित किये जा सकने वाले अन्य कार्यक्रम: अ) निबंध लेखन, ब) कर्तृत्व या वाग्मिता प्रतियोगिता, स) नाटक तथा नुक्कड़ नाटकों की प्रस्तुति, द) चित्रकला प्रतियोगिता, य) कविता और शान्ति गीत प्रतियोगिता, र) पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन, ल) अहिंसा और शान्ति पर गाँधी पोर्टल, य) पत्रकारिता के छात्रों द्वारा राजनीति, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र तथा नैतिकता के विषय पर १०-१५ मिनट का वृत्तचित्र बनाना।

यूथ कैम्प, संगोष्ठी, कार्यशाला तथा अहिंसा, शान्ति तथा गाँधी पर लेक्चर करवाना।

शान्ति संशोधन, अहिंसा तथा गाँधी, नेल्सन मंडेला, मार्टिन लूथर किंग जू. जैसे नेताओं की पुस्तकों पर परीक्षा आयोजित करना।

अहिंसा और गाँधीजी पर चित्र और पुस्तक विक्रय प्रदर्शनी का आयोजन।

महात्मा गाँधी के जीवन और विचारों पर पोस्टर प्रतियोगिता कर आयोजन (सर्वोदय मंडल, बम्बई के पास ऐसे पोस्टर विक्रय के लिए उपलब्ध हैं।) http://www.mkgandhi.org/gposter/gposter.htm से डाउनलोड भी किया जा सकता है।

1. अहिंसा और महात्मा गाँधीजी पर फिल्म की स्क्रीनिंग (सर्वोदय मंडल, बम्बई में विक्रय के लिए उपलब्ध)
2. विद्यालयों में २ अक्तूबर को खादी दिवस के रूप में मनाना।
3. शान्ति अहिंसा और महात्मा गाँधी की प्रासंगिकता पर लेख प्रकाशित करना।
4. शान्ति और अहिंसा पर बने बैनर्स और स्लोगन के साथ अपने क्षेत्रों में प्रभातफेरी करना।
5. बस, रेलवे स्टेशन, झुग्गीझोपड़ी क्षेत्र में स्वच्छता के लिए श्रमदान करना।
6. सभी कार्यक्रमों का अंत राष्ट्रगान से होगा।

**अहिंसा और शान्ति के लिये प्रतिज्ञा:**

- अहिंसा और शान्ति के लिए प्रतिज्ञा
- आज के इस अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर हम विश्व के लाखों लोगों के साथ यह प्रतिज्ञा लेते हैं कि
- हम विश्व में बन्धुत्व, सद्भाव, प्रेम, अहिंसा तथा शान्ति को विश्व में प्रस्थापित करने लिये कार्य करेंगे तथा जाति, लिंग, देश, धर्म तथा भाषा के बजाय सामान्य मानवता के आधार पर सारी मानव जाति का समादर करेंगे।
- हम किसी भी परिस्थिति में हिंसा और असहिष्णुता का न समर्थन करेंगे और न ही उन्हें आश्रय देंगे।
- हम बिना किसी दुराग्रह, भय तथा ईर्ष्या के सदैव न्याय का साथ देंगे।
- हम सभी हिंसक संसाधनों या अस्त्र-शस्त्रों के उन्मूलन के लिए सदैव कार्य करेंगे।
- हम बिना हिंसा का सहारा लिए सभी प्रकार के मतभेदों को बात-चीत और संवैधानिक रास्ते से सुलझाने का प्रयत्न करेंगे।
- हम पुन: प्रतिज्ञा लेते हैं कि हम विश्वशांति की स्थापना के लिए अपनी शक्ति सामर्थ्य के अनुसार सदा प्रयासशील रहेंगे।

अधिक जानकारी हेतू संपर्क


**गांधी रिसर्च फाउण्डेशन**

गांधी तीर्थ, जैन हिल्स, जलगाँव - 425001.

**दूरभाष्य:** 0257-2264803, 2260033, **फैक्स:** 0257-2261133;

**भ्रमणध्वनी क्र.:** 09404955272

**ई-मेल:** info@gandhifoundation.net; **वेबसाईट:** www.gandhifoundation.net

# वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

प्रेषक,

कुलसचिव,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

पत्रांक: 10049/सामा0प्रशा0/2023
दिनांक 21.09.2023

## कार्यालय आदेश

दिनांक 02 अक्टूबर 2023 को गांधी जयती के अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस मनाया जा रहा है, मा0 कुलपति महोदया के आदेश दिनांक 19.09.2023 द्वारा विश्वविद्यालय में निम्नलिखित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है :-

| क0स0 | कार्यक्रम | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | (क) गॉधी वाटिका से कार्यक्रम का सुभारम्भ<br>(ख) निबंध प्रतियोगिता<br>(ग) रंगोली प्रतियोगिता | 29 सितम्बर 2023 |
| 2. | (क) पोस्टर प्रतियोगिता<br>(ख) कविता एवं शांति गीत प्रतियोगिता | 30 सितम्बर 2023 |
| 3 | छात्रावासों में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम | 01 अक्टूबर 2023 |
| 4. | (क) गॉधी वाटिका में पुष्पांजली<br>(ख) शान्ति मार्च<br>(ग) अहिंसा एवं शान्ति के लिए प्रतिज्ञा<br>(घ) संगोष्ठी भवन में अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम | 02 अक्टूबर 2023 |
| 5 | राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंयसेवकों द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम | 03 अक्टूबर 2023 |
| 6 | (क) महात्मा गॉधी पर केन्द्रीत फिल्म का प्रदर्शन<br>(ख) पुरस्कार वितरण | 04 अक्टूबर 2023 |

उपर्युक्त कार्यक्रम हेतु गठित समिति से अपेक्षा की जाती है कि उपरोक्तानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

कुलसचिव

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-**

1 डा0 मनोज मिश्रा, (नोडल अधिकारी) एवं अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस।
2 वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक ।
3 चीफ प्राक्टर/संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
4 उप कुलसचिव/समस्त सहायक कुलसचिव को सूचनार्थ।
5 वरिष्ठ आशुलिपिक कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
6 समस्त प्रशा0 अधि0/प्रभारी को सूचनार्थ प्रेषित ।

कुलसचिव